भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2369

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 03 अगस्त, 2026

12 श्रावण,1948 (शक)

सीवान, बिहार में दोन के स्तूप का उत्खनन और संरक्षण

2369. **श्री मनोज कुमारः**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बिहार के सीवान जिले के दरौली ब्लॉक के दोन गांव में स्थित ऐतिहासिक दोन के स्तूप का संज्ञान लिया है, जिसका ऐतिहासिक रूप से महापरिनिब्बान सुत्त में उल्लेख है और प्राचीन यात्री ह्वेनसांग द्वारा इसका भ्रमण किया गया तथा इसे दर्ज किया गया है;

(ख) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने प्राचीन बौद्ध स्तूप के अवशेषों को पूरी तरह से उजागर करने के लिए घास के टीले/पहाड़ी स्थल पर कोई वैज्ञानिक उत्खनन किया है या करने की योजना है;

(ग) स्तूप की रक्षा के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे विशिष्ट संरक्षण और पुनरुद्धार उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) बुनियादी ढांचे में सुधार करने और इस अलग-थलग पड़े स्थल को औपचारिक बौद्ध तीर्थ सर्किट के हिस्से के रूप में बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): बिहार में सीवान जिले के दरौली प्रखंड के दान गांव में स्थित ऐतिहासिक दोन का स्तूप राष्ट्रीय महत्व का स्मारक नहीं है।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने प्राचीन बौद्ध स्तूप पर न तो कोई वैज्ञानिक उत्खनन किया है और न ही करने की कोई योजना बनाई है।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता है।

*****